No. of Printed Pages : 3

ई.एच.डी.-2

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2016

13296

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पद्यांशों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) रक्त ढरा माँसू गरा हाड़ भए सब संख ।
धनि सारस होई रहि मुई आई समेटहु पंख ।।
यह तन जारौं छार कै कहौ कि पवन उड़ाउ ।
मकु तेहि मारग होइ परौं कंत धरै जहँ पाउ ।।

(ख) झलकै अति सुंदर आनन गौर, छके दृग राजत काननि छ्वै ।
हँसि बोलन में छवि फूलन की बरषा, उर-ऊपर जाति ह्वै ।।
लट लोल कपोल कलौल करै, कल कंठ बनी जलजावलि छ्वै ।
अंग-अंग तरंग उठे दुति की, परिहै मनौ रूप अबै धर च्वै ।।

(ग) रूप दिखावत सरबस लूटै,
फंदे में जो पड़ै न छूटे ।
कपट कटारी हिय में हूलिस,
क्यों सखि साजन, नहिं सखि पुलिस ।

(घ) अधरों में राग अमन्द लिये,
अलकों में मलयज बंद किये ।
तू अब तक सोई है आली ।
आँखों में भरे विहाग री ।

(ङ) नहीं कृष्ण की,
नहीं राम की
नहीं भीम सहदेव, नकुल की
नहीं पार्थ की
नहीं राव की, नहीं रंक की
नहीं तेग, तलवार धर्म की
नहीं किसी की, नहीं किसी की
धरती है केवल किसान की ।

(च) मेरे दोस्तो ।
धीरे-धीरे कुछ नहीं होता
सिर्फ़ मौत होती है,
धीरे-धीरे कुछ नहीं आता
सिर्फ़ मौत आती है
धीरे-धीरे कुछ नहीं मिलता
सिर्फ़ मौत मिलती है,
मौत —
खाली बोतलों के पास
खाली गिलास-सी ।

2. प्रबंध काव्य की दृष्टि से 'कुरुक्षेत्र' की विशेषताएँ बताइए । *16*

3. धूमिल के काव्य में वर्णित विषय-वस्तु का उल्लेख कीजिए । *16*

4. प्रगतिवाद के स्वरूप तथा विकास पर प्रकाश डालिए । *16*

5. सुमित्रानंदन पंत के काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए । *16*

6. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की विशेषताएँ बताइए । *16*

7. रीतिकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । *16*

8. गोस्वामी तुलसीदास की कविता की विशेषताओं का विवेचन कीजिए । *16*

9. अज्ञेय की काव्य-संवेदना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । *16*

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×8=16*

    (क) मीरा के काव्य में भक्ति

    (ख) बिहारी का शृंगार-वर्णन

    (ग) महादेवी की विरह-वेदना

    (घ) मुक्तिबोध का काव्य

    (ङ) नरेश मेहता का काव्य